लघु बैटरी उद्योग को सुदृढ़ बनाने के लिए 1985 से कार्यरत

# बैटरी डायरेक्टरी

## एंड ईयर बुक


पाक्षिक अंक 1-15 अक्टूबर 2026

वर्ष 41, अंक 19, प्रकाशित 13 अक्टूबर 2026

*एक अंक का मूल्य: ₹ 5/-, वार्षिक मूल्य: ₹ 650/-*


Uniting Small Scale Battery Industry

41 years of Publication

Since 1985


Contents on page no. 10


## BATTERY DIRECTORY & YEAR BOOK


MICROTEX®

Since 1969

LIMITLESS™
TRACTION POWER




For Battery operated forklifts

Ranging from 24V to 96V with welded or bolt-on terminals
PzB from 42Ah to 1404Ah PzS from 100Ah to 1550Ah

Dealership enquiries invited

Traction

Website

www.microtex.com

info@microtex.com +91 9686 448899

Better capacity | Better performance | Better life



Contents

# SWARAJYA

## IGBT Charger with Regenerative Discharger



**Product Range:**

- IGBT Based Charger / Discharger
- Battery Life Cycle Tester
- Battery Capacity Tester
- Battery Load Tester
- Electroplating & Industrial Rectifier

## Regenerative Charger / Discharger

IGBT based Technology
Fully Automatic Operation
Compact Size to save space
Highly Reliable & Low Maintenance
Save Electricity
Completely Ripple free pure DC Charging
Regenerative Discharging without Heater
10 x 10 Easily Programmable Charge, Rest & Discharge Timers.
Constant Current Constant Voltage (CC-CV) Charging
Discharging power used to charge other circuit batteries
Multiple Chargers can be interconnected to share Discharging Power

**India's Most Advanced Charger Technology**

**In-house R&D Lab Customized Product also available**

B-31, DSIIDC Engineering Complex, Phase-1, Mangolpuri Industrial Area, Delhi- 110083
Mob.: 9560409195, Email: charger.swarajya@gmail.com
**Website: ChargerDischarger.com**




Contents



Since 1982
GOLDSTAR®
DRIVE WITH
MORE POWER
Higher Cranking Power
विश्वास वही
सोच नई
LONG RUN BATTERY
GOLDSTAR®
TOLL TUBULAR
CALCIUM INSIDE
GP-2300TT
DUM HAI
1800 212 0303
TOLL FREE NUMBER
Regd. Office & Factory :
Rajkot Road, Hapa - 361120
Dist. Jamnagar, (Gujarat) India.
tel : +91 288257 11 20/21
Mob. No.: +91 93770 09303
marketing@goldstarpower.com
SALES INQUIRY : 99099 50303
AUTOMOTIVE / TUBULAR / SOLAR / VRLA
E-RICKSHAW & MOTORCYCLE BATTERIES
Branch Office:
3, J.P. Estate, B/H. Sukh sagar hotel,sanand cross road, sarkhej, ahmedabad - 382 210 (Gujarat) india.
tel : +91 79 268 90 901
ahmedabad@goldstarpower.com

# BATTERY DIRECTORY & YEAR BOOK 2027

## ADVERTISEMENT BOOKINGS OPEN

### FOR LEAD ACID & LITHIUM BATTERY INDUSTRY

**Publishing:**
**First Week of January 2027**







**Also Reach Buyers Online**

www.onlinebatterydirectory.com
www.batterydirectory.co.in

## ADVERTISEMENT RATES (INCLUDING 5% GST)

| Position / Size | Rate (₹) |
|---|---|
| **Inside Front Cover** (19 × 11 cm) | ₹ 13,650 |
| **Page No. 3** (19 × 11 cm) | ₹ 12,600 |
| **Inside Back Cover** (19 × 12 cm) | ₹ 11,550 |
| **Back Cover** | ₹ 10,500 |
| **Full Page Colour** (19 × 11 cm) | ₹ 9,450 |
| **Half Page Colour** (9.5 × 11 cm) | ₹ 5,250 |
| **Quarter Page Colour** (4.5 × 11 cm) | ₹ 2,835 |
| **Full Page Black & White** | ₹ 5,250 |
| **Half Page Black & White** | ₹ 2,730 |
| **Quarter Page Black & White** | ₹ 1,575 |
| **Website Front-Page Banner (100 × 700 px)** Minimum booking: 30 days | **₹ 99 per day + 18% GST** Total for 30 days: **₹ 3,504** |

**Hard Copy & Online Visibility**

**User ID & Password for Online Access**

**Company Photograph in the Directory**

**Fortnightly Issues for One Year**

**BOOK YOUR ADVERTISEMENT TODAY**

**9810268067 | 9971150801**



Contents

# बैटरी डायरेक्टरी का डिजिटल वर्जन

# ऑनलाइन बैटरी डायरेक्टरी

## में शामिल सभी

## आयातक
## निर्यातक
## ISO फर्म
## वितरक
## निर्माता
## डीलर
## ईमेल

ऑनलाइन देखें
एक क्लिक पर

हार्ड कापी 650 रु.
ऑन लाइन बैटरी डायरेक्टरी वार्षिक शुल्क 1000 रु.

**शुल्क निम्नलिखित में से किसी भी एकाउंट में जमा करा कर सूचित करें :-**

| BANK ACCOUNT of **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK** | | | |
|---|---|---|---|
| ***BANK NAME*** | ***ACCOUNT NO*** | ***IFSC CODE*** | ***BRANCH ADDRESS*** |
| **UNION BANK OF INDIA** | **565101000013133** | **UBIN0920711** | **GTB Enclave, NVM, Delhi-110 093** |
| **PhonePe / Google Pay / Paytm A/c** | **CHANDRA MOHAN - Mobile No. 9810268067** | | |

# सदैव अपडेटेड रहें

Uniting Small Scale Battery Industry
41 years of Publication
1985 - 2026

# बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक

510, जनता फ्लेट्स, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली-110093
मोबाइल9810268067, 9971150801, 9910699538
E-mail: battdir@gmail.com

**www.onlinebatterydirectory.com | batterydirectory.co.in**

# Jiangsu Derongfu Rubber & Plastic Technology Co., Ltd

**PE** Separators

20 Years Production History

Industrial/E-Rickshaw (More Power)



Thickness PE 0.6~1.7mm

PE(0.7~1.3mm)+GM(0.3~0.6mm)



**Automotive (Higher CCA)**



Thickness PE 0.6~1.7mm

PE(0.7~1.3mm)+GM(0.3~0.6mm)

**AGM** Separators **(Longer Lifespan)**








India Office Add:E-305, Khokhra Cir, Maninagar East, Maninagar, AHMEDABAD-382430, Gujarat.
Factory Add:No. 89, Ganjin Rd., Hongguang Village, Baqiao Town,
Yangzhong City, Zhenjiang, Jiangsu Province, China.
Website:www.jsdrf-tech.com
Email:drf-separator@hotmail.com / market@jsdrf-tech.com

WhatsApp:
+91-8129982325
+86-18952850039



Contents




# ADVANTAGES of ADVERTISEMENT in FORTNIGHTLY BATTERY DIRECTORY

- ✔ Your product will be promoted among battery entrepreneurs from India and abroad.
- ✔ You will receive one set of the Battery Directory-2026 (priced at Rs. 650/-) free of charge.
- ✔ Your name will be highlighted in the Product Manufacturing Index.
- ✔ Your mobile number will be added to the Battery Directory WhatsApp group.
- ✔ You will receive the fortnightly issues of the Battery Directory free of charge for the entire year.
- ✔ You can submit articles and news for publication in the magazine.
- ✔ The subscription fee for the Online Battery Directory-2026 is Rs. 1000/-, but this subscription will be provided to you free of charge. Not only you, but your staff as well will be able to view and benefit from the Directory on their mobile phones/laptops/computers.
- ✔ In the Online Directory, you can easily access the details and advertisements of the people you are looking for in just a few moments using the search tool. This way, others can also reach you. This easy accessibility leads to business growth.
- ✔ Your advertisement will appear under your city in the Online Battery Directory Portal.
- ✔ Your company name will appear under your state and city in the Online Battery Directory Portal.

Uniting Small Scale Battery Industry
41 years of Publication
1985 - 2026

**BATTERY DIRECTORY & YEAR BOOK**
510, Janta Flats, GTB Enclave, DELHI-110093
Mob.: **9810268067, 9971150801, 9910699538**
E-mail: battdir@gmail.com
**www.batterydirectory.co.in | onlinebatterydirectory.com**

*Information a*

**5-6-7 Febr**

Campal Multipurpose Ground,

# 21th

**India's Premier and**

# POW

**B2B TRADE EXHIBITION AND TECHNICAL CON**

**Lithium and Lead Batteries | So**

**Hybrid Inverter Systems |**

**Battery Energy Storage Systen**




**Organised with Cooperation of:**

***Federation of Indian Small Scale Battery Associations***

**BATTERY DIRECTORY** & YEAR BOOK

41

1985 - 2026

**A BATTERY DIRECTORY & S**

nd Invitation

for Details Visit
www.batteryfair.co.in

ruary 2027
, Kala Academy, Panaji, **GOA**

l Pioneer

VER ON ® INDIA

FERENCE
lar

n

*alongwith*

POWER ON
BESS
EXPO



You are invited at
21th BATTERIES/BATTERY PARTS/
SOLAR/UPS/BESS EXHIBITION ON
5th,6th & 7th February 2027 and
Seminar on 4th February 2026
in GOA

*Ask for*
who?
what?
when?
where?
why?

Shivam Info
Contact : 9650877171
email: shivaminfo1@gmail.com, **www.batteryfair.co.in**

HIVAM INFO PRESENTATION

धन आता है चला जाता है, नैतिकता आती है बढ़ती जाती है। -भगवान श्री सत्य साई बाबा

**बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक**

510, जनता फ्लैट्स, जी.टी.बी. एन्कलेव,
दिल्ली-110093, मो. 9810268067
Email : battdir@gmail.com
Website : www.batterydirectory.co.in & www.onlinebatterydirectory.com

**संपादक:** चंद्रमोहन - 9810268067
**सह-संपादक:** शेखर वर्मा - 9910699538
**उप-संपादक:** एकता वर्मा- 9971150802
**विज्ञापन:** अनुराधा - 9971150801
**संपादकीय सलाहकार:**
डॉ. आर.सी. शर्मा, अरविंद मोहन

**वर्ष:41 अंक:19**, 1-15 अक्टूबर 26 (प्रकाशित 13 अक्टूबर 26), अंक का मूल्य ₹ 5/-, पृष्ठ: 56, (वार्षिक शुल्क ₹ 650/-)
**Registered with Registrar of Newspapers for India Regd. No. RN 43092/85**

## पावर ऑन मेला

गोवा में 5 से 7 फरवरी को होगा 21 वां पावर ऑन मेला ..... 12
हाइब्रिड इनवर्टर, होम ई-एस-एस और बी-ई-एस-एस सेक्टर में बड़ा अवसर ..... 12
पावर ऑन का विज़न ..... 13
BESS और Hybrid Inverter की बढ़ती डिमांड ..... 13
बिज़नेस के नए अवसर ..... 13

## फैडरेशन समाचार

बड़े यूटिलिटी-स्केल BESS प्रोजेक्ट्स में देश की घरेलू MSME कंपनियों को भी पर्याप्त अवसर मिले ..... 15
सभी बैटरी तकनीकों को बराबर अवसर मिले ..... 15
MSME से 20-25% खरीद का प्रस्ताव ..... 16
Testing और Certification को आसान बनाने की मांग ..... 16
छोटे निर्माताओं को बड़े BESS प्रोजेक्ट्स से जोड़ने का सुझाव ..... 16
बैटरी रिसाईक्लिंग और सर्कुलर इकॉनमी पर जोर ..... 16

## समाचार

भारत का राजपत्र : Central Electricity Authority (Technical Standards for Construction of Electric Plants and Electric Lines) 2nd Amendment Regulations, 2026 ..... 17
पावर ग्रिड में होने वाली अस्थिरता को रोकने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज़ सिस्टम जरूरी ..... 19
ग्रिड की स्थिरता बनाए रखना (ग्रिड-फॉर्मिंग कंट्रोल) ..... 19
बिजली की सप्लाई और रुक-रुक कर होने वाले उत्पादन में संतुलन बनाना ..... 20
बैटरी एनर्जी स्टोरेज इंटीग्रेशन को आसान बनाना ..... 20
बैटरी उद्योग के स्क्रैप कारोबार पर RCM और 2% TDS से बढ़ सकती हैं अनुपालन संबंधी जिम्मेदारियां ..... 21
अपंजीकृत सप्लायर से स्क्रैप खरीदने पर RCM ..... 21



Contents

GST काउंसिल की 57वीं बैठक की सिफारिशें ........ 22
इंडियन लैड बैटरी कांफ्रेंस-2026 में गोवा में जुटेंगे वैश्विक बैटरी उद्योग के विशेषज्ञ........ 23
सरकार ज़रूरी खनिजों के स्टॉक जमा करने की नई पॉलिसी लाने की तैयारी में........ 34
एक्साइड ने अपने लिथियम-आयन सेल प्लांट के पहले चरण (6GWh) का काम शुरू किया.... 35
रूफटॉप सोलर के लिए राज्यों से सब्सिडी का बढ़ावा........ 36
UK के मर्सीसाइड में लिथियम-आयन बैटरी की वजह से घर में आग ........ 37
जमुई में ई-रिक्शा में आग लगी ........ 38
चार्जिंग पर लगी ई-स्कूटी की बैटरी फटने से हुआ धमाका........ 38
सोलर पैनल की नियमित सफाई से बिजली उत्पादन में 5–15% तक की बढ़ोतरी........ 39
बैटरी डायरेक्टरी में विज्ञापन देने के लाभ........ 44
बैटरी डायरेक्टरी का सदस्य बनने के लाभ........ 45

**लेख**

बैटरी उद्योग के बदलते दौर की चुनौतियों में नई राह की तलाश – **अजय गुप्ता**........ 25
CPCB बैटरी रीसाइक्लिंग गाइडलाइंस 2026 – **ग्रेविटा इंडिया लि.** ........ 27

**साई शरणागति**

भगवान का नाम लेना ही पर्याप्त नहीं अपनी जिम्मेदारी को
ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाना आवश्यक – **श्री मुरली जाजू**........ 47
जब पूर्व प्रधानमंत्री श्री चंद्रशेखर स्वामी के चरणों में बैठे ........ 49
लिखित जप शुरू करें........ 51
प्रेरक विचार – **अजय गुप्ता**........ 14

## Advertiser's Index

***Goldstar Power Limited*** ........ ***3***
***Harsha Industries Corporation*** ........ ***54 & 55***
***Intex Separator*** ........ ***56***
***Jiangsu Derongfu Rubber & Plastic Technology Co., Ltd.*** ........ ***6***
***Microtex Energy (P) Limited*** ........ ***1***
***Shivam Info*** ........ ***8 & 9***
***Swarajya Industries*** ........ ***2***

सदस्यता अथवा विज्ञापन शुल्क **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK** के खाते में निम्नलिखित बैंक में नकद अथवा चैक द्वारा अपने शहर में ही जमा कराकर रसीद प्राप्त करने के लिए हमें फोन कर सकते हैं।

CURRENT BANK ACCOUNT of **BATTERY DIRECTORY AND YEAR BOOK**

| ***BANK NAME*** | ***A/c*** | ***ACCOUNT NO*** | ***IFSC CODE*** | ***BRANCH ADDRESS*** |
|---|---|---|---|---|
| **UNION BANK OF INDIA** | **OD** | **565101000013133** | **UBIN0920711** | **GTB Enclave, NVM, Delhi-110 093** |
| **PhonePe, Google Pay** Account | **CHANDRA MOHAN - Mobile No. 9810268067** | | | |




## पावर ऑन गोवा 2027:

# हाइब्रिड इनवर्टर, होम ई-एस-एस और बी-ई-एस-एस सेक्टर में बड़ा अवसर

### गोवा में 5 से 7 फरवरी को होगा 21 वां पावर ऑन मेला

मार्केट में हाल के बदलाव से एक बड़ा प्रश्न उभर रहा है कि बैटरीजनों के लिए अपने बिज़नेस में BESS और EV सेक्टर को जोड़ना क्यों ज़रूरी है?

मार्केट में तेज़ी से हो रहे बदलावों के कारण बैटरी व्यवसायियों के लिए BESS (बैटरी एनर्जी स्टोरेज़ सिस्टम) और EV (इलेक्ट्रिक व्हीकल) सेक्टर को अपनाना अब अस्तित्व और विकास की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है।

पारंपरिक बैटरियों के उपयोग में अब लिथियम का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। पूरी दुनिया रिन्यूएबल एनर्जी (सोलर/विंड) और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेज़ी से शिफ्ट हो रही है। चौबीसों घंटे सोलर पावर सप्लाई और ग्रिड को स्थिर रखने के लिए बड़े क्षमता वाले 'BESS' की भारी मांग पैदा हो गई है। वहीं, तेज़ी से बिक रही इलेक्ट्रिक गाड़ियों (EVs) ने एडवांस लिथियम-आयन बैटरियों का एक विशाल नया मार्केट खोल दिया है।

यदि कारोबारी इस आधुनिक तकनीक के साथ ख़ुद को अपग्रेड नहीं करते हैं, तो वे प्रतिस्पर्धी बाज़ार में पिछड़ जाएंगे। भविष्य में प्रासंगिक बने रहने, तेज़ ग्रोथ हासिल करने और नए ग्राहकों के एक बड़े वर्ग तक पहुँचने के लिए अपने बिज़नेस को BESS और EV सेक्टर से जोड़ना अब अनिवार्य कदम है।

इस बड़े बदलाव के लिए इंडस्ट्री को मज़बूत बनाने के इरादे से, 21वां पावर ऑन, गोवा में बैटरी इंडस्ट्री के लिए बिज़नेस के बहुत बड़े अवसर बनाने जा रहा है। यह कार्यक्रम 5 से 7 फरवरी 2027 तक गोवा के पणजी में स्थित ख़ूबसूरत Campal Multipurpose Ground में होगा।

## शुरुआत की चिंगारी और नाम

21 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए पावर ऑन के इतिहास और आधार को जानना भी बेहद जरूरी है। पावर ऑन के पीछे का मुख्य विचार बेहद महत्वपूर्ण था: SME बैटरी इंडस्ट्री के लिए एक राष्ट्रीय संगठन बनाना, जहाँ राष्ट्रीय स्तर की समस्याओं पर चर्चा हो सके और उन्हें सीधे केंद्र सरकार तक पहुँचाया जा सके। इस विचार को धरातल पर उतारने के लिए पावर ऑन की शुरुआत हुई। 'पावर ऑन' को इसका मशहूर नाम श्री विजयराजन जी ने दिया। इस आयोजन की आधिकारिक शुरुआत 2 जनवरी 2004 को हैदराबाद में हुई थी।

**फैडरेशन बनाने का विचार पश्चिम बंगाल बैटरी एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, श्री यशपाल कनोत्रा जी का था,** जिसे मुंबई और हैदराबाद बैटरी एसोसिएशन का पूरा समर्थन मिला। इस संगठन को बनाने वाले दूरदर्शी लोगों का विशेष धन्यवाद, जिनमें हैदराबाद बैटरी एसोसिएशन के उस समय के अध्यक्ष स्वर्गीय **डॉ. वी. के. अग्रवाल, श्री मदन जी, राजेश बंसल, संजय** और मुंबई बैटरी एसोसिएशन से **श्री शरद संघवी** शामिल थे ।

## पावर ऑन का विज़न

पावर ऑन का लक्ष्य छोटे और मध्यम दर्जे के बैटरी व्यवसायों को सबल बनाना था। उन्हें मार्केटिंग का प्लेटफॉर्म देना जहां वे सीधे अन्य बैटरीजनों से जुड़ कर अपने मार्केट का विस्तार कर सकें और प्रोडक्ट को बेहतर बनाने के लिए मशीनों और तकनीकी सहायता को पा सके। इसको अलग-अलग शहरों में करने का कारण भी यही था कि अधिक से अधिक लघु बैटरी उद्यमी इससे जुड़कर लाभांवित हो सकें। 2004 से हैदराबाद से शुरू हो कर, कानपुर, जयपुर, चंडीगढ़, नोएडा, आगरा, कोलकाता, पुणे, गांधीनगर, बेंगलुरु, इंदौर और अहमदाबाद जैसे शहरों में इसका आयोजन हुआ, जिसका लाभ बैटरी उद्योग को हुआ।

## BESS और Hybrid Inverter की बढ़ती डिमांड

आज के समय में सिर्फ़ पारंपरिक बैटरी ही काफ़ी नहीं है। रिन्यूएबल एनर्जी - जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के जुड़ने से BESS (Battery Energy Storage Systems, जिसे बड़े स्तर का ऊर्जा संग्रह करने वाला सिस्टम या पावर बैंक कहा जा सकता है) और हाइब्रिड सोलर सोल्यूशन्स का बाज़ार बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है। ये आंकड़े उन SMEs के लिए एक बहुत बड़ा और नया अवसर प्रस्तुत कर रहे हैं, जो बदलाव के लिए तैयार हैं।

सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (CEA) के अनुमान के मुताबिक़, भारत की BESS की ज़रूरत सिर्फ़ आने वाले पाँच सालों में, 2026-27 के मौजूदा स्तर से लगभग 7 गुना तक बढ़ जाएगी।

BESS के साथ-साथ, सपोर्ट करने वाले इन्फ्रास्ट्रक्चर में भी ज़बरदस्त ग्रोथ (विकास) हो रही है, जिससे बैटरी बनाने वालों के लिए कमाई के कई नए रास्ते खुल रहे हैं।

## बिज़नेस के नए अवसर

बिजली की बढ़ती डिमांड और सप्लाई के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए, 21 वें पावर ऑन में BESS, लिथियम बैटरी और EV सेगमेंट को आधिकारिक रूप से जोड़ दिया है। यह रणनीतिक बदलाव पावर ऑन के भागीदारों के लिए बिज़नेस के बहुत बड़े अवसर लेकर आया है:

| मार्केट सेगमेंट | अनुमानित ग्रोथ (Projected CAGR) | लक्ष्य |
|---|---|---|
| सोलर और हाइब्रिड इनवर्टर | 10.11% | 2031 तक लगभग $1,100 मिलियन |
| रिन्यूएबल स्टोरेज बैटरी | 11.7% | 2031 तक लगातार डबल-डिजिट (10% से ज़्यादा) ग्रोथ |
| EV बैटरी मार्केट | बहुत ज़्यादा (High) | EV के बढ़ते चलन के कारण तेज़ी से विस्तार |

*Table-1*

**1. सोलर बूम तक सीधी पहुँच : पावर ऑन** के साथ **महा एक्सपो** द्वारा सोलर प्रदर्शनी का भी आयोजन साथ ही होगा। चूँकि सोलर पावर और हाइब्रिड इनवर्टर पूरी तरह से बैटरी पर निर्भर हैं, इसलिए SME बैटरीजनों को ऐसे हज़ारों तैयार ग्राहकों तक सीधी पहुँच मिलेगी, जिन्हें BESS और सोलर के साथ बैटरी की तलाश है।

**2. अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और ऑटोमेशन:** पावर ऑन-2027 अब एक ग्लोबल प्लैटफॉर्म बन चुका है। यह विदेशी बैटरी वालों को अपनी एडवांस्ड व नई टेक्नोलॉजी दिखाने का अवसर देता है। इससे लोकल SMEs को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानक अपनाने, अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुधारने और 236 GWh की विशाल राष्ट्रीय डिमांड को पूरा करने के लिए अपनी यूनिट्स में ऑटोमेशन लाने में मदद मिलेगी।

**3. सप्लाई की कमी :** चूँकि मार्केट का झुकाव अब बड़ी कैपेसिटी वाले स्टोरेज़ और EVs की ओर है, इसलिए पावर ऑन-2027 एक बेहतरीन ब्रिज का काम करेगा। यह इंडस्ट्री को सटीक सोल्यूशन्स देगा, जिससे लघु बैटरी निर्माता अपनी पारंपरिक मैन्युफैक्चरिंग से निकलकर, तेज़ी से बढ़ रहे लिथियम-आयन और BESS जैसे सेक्टर्स में क़दम रख सकेंगे।

पावर ऑन-2027 सिर्फ़ एक एग्जीबिशन नहीं होगी। लघु बैटरी निर्माताओं को मज़बूत बनाने और भारत के एनर्जी स्टोरेज बूम में वह जगह होगी जहाँ एनर्जी मार्केट में अवसर का भविष्य एक नया आकार लेगा।

**– अरविंद मोहन**

## प्रेरक विचार

✶ वक्त से ज्यादा जिंदगी में अपना और पराया कोई नहीं होता
वक्त अपना होता है तो सब अपने होते हैं, और वक्त पराया हो तो अपने भी पराये हो जाते हैं।

✶ वो बुलंदियाँ भी किस काम की जनाब, इंसान चढ़े और इंसानियत उतर जाये।

✶ "मिठाइयां" कुछ खास.. अवसरों पर ही बांटी जाती हैं, पर "मीठा व्यवहार" तो प्रतिदिन बांटा जा सकता है क्योंकि इससे पाने वाला तथा देने वाला दोनों स्वस्थ रहते हैं.

**– अजय गुप्ता,**
*ए के ऑटो एजेंसी, मुम्बई*
*अध्यक्ष, इंडियन बैटरी एंड एसेसरीज़ इंडस्ट्रीज़ वेल्फेयर एसोसिएशन, मुम्बई द्वारा प्रेषित*



## सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी एथोरिटी (CEA) के प्रस्तावित BESS नियमों में भारतीय MSME बैटरी निर्माताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की फैडरेशन ऑफ़ इंडियन स्मॉल स्केल बैटरी एसोसिएशंस (FISSBA) की मांग

# बड़े यूटिलिटी-स्केल BESS प्रोजेक्ट्स में देश की घरेलू MSME कंपनियों को भी पर्याप्त अवसर मिले

फैडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल स्केल बैटरी एसोसिएशन्स (FISSBA) ने सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी एथोरिटी (CEA) के समक्ष एक आधिकारिक ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए प्रस्तावित नियमों में MSME बैटरी निर्माताओं और संबंधित उद्योगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है।

फैडरेशन ने यह ज्ञापन Central Electricity Authority (Technical Standards for Construction of Electric Plants and Electric Lines) 2nd Amendment Regulations, 2026 के संबंध में दिया है, जिसे 3 सितंबर 2026 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया था। (राजपत्र देखें पृष्ठ 17 पर)

फैडरेशन ने CEA द्वारा नए सौर एवं पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) को अनिवार्य बनाने की दिशा का स्वागत किया है। फैडरेशन के अनुसार, यह कदम भारत की ऊर्जा सुरक्षा तथा 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण हो सकता है। हालांकि, फैडरेशन **ने इस बात पर विशेष जोर दिया है कि बड़े यूटिलिटी-स्केल BESS प्रोजेक्ट्स में देश की घरेलू MSME कंपनियों को भी पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।**

## सभी बैटरी तकनीकों को बराबर अवसर मिले

फैडरेशन ने प्रस्तावित तकनीकी मानकों में किसी एक बैटरी केमिस्ट्री को अनिवार्य करने के बजाय Technology Neutrality अपनाने की मांग की है। ज्ञापन में विशेष रूप से लैड एसिड और एडवांस्ड लैड कार्बन बैटरी को भी उपयुक्त विकल्प के रूप में शामिल करने का सुझाव दिया गया है। फैडरेशन का कहना है कि एडवांस्ड लैड-कार्बन बैटरी 2-घंटे और 4-घंटे के स्टेशनरी ग्रिड बैलेंसिंग जैसे कामों के लिए किफायती परफॉर्मेंस दे सकती हैं। ये बैटरियां भारत के उच्च तापमान वाले वातावरण को सहन करने में सक्षम हैं और देश में इनके लिए एक मजबूत घरेलू रीसाइक्लिंग इकोसिस्टम पहले से मौजूद है।

CEA तकनीकी स्पेसिफिकेशन किसी खास केमिस्ट्री जैसे लिथियम को अनिवार्य करने के बजाय फंक्शनल पैरामीटर जैसे कि साइकलिंग, डिग्रेडेशन और रिस्पॉन्स टाइम पर आधारित होने चाहिए।

## MSME से 20-25% खरीद का प्रस्ताव

फैडरेशन ने बड़े Renewable EPC Contractors और Project Developers के लिए स्वदेशी MSME sourcing का प्रावधान बनाने का सुझाव दिया है।

इसके अतिरिक्त यह प्रस्ताव रखा गया है कि बड़े प्रोजेक्ट्स में कम से कम 20-25% BESS container enclosures, power electronics, Balance of Plant (BOP) और battery modules पंजीकृत भारतीय MSMEs से लिए जाएं।

फैडरेशन का मानना है कि इस प्रकार की व्यवस्था से imported turnkey systems के पूर्ण प्रभुत्व को रोकने में मदद मिलेगी और MSME उद्योगों को तेजी से विकसित हो रहे BESS बाजार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा।

## Testing और Certification को आसान बनाने की मांग

फैडरेशन ने छोटे भारतीय इंवर्टर और उपकरण निर्माताओं के लिए testing तथा certification facilities को अधिक सुलभ बनाने की भी मांग की है। सरकार को टेस्टिंग और प्रमाणन के स्पष्ट नियम तथा समय-सीमा निर्धारित करनी चाहिए। छोटे निर्माताओं को अंतिम तारीख से पहले क्षेत्रीय परीक्षण सुविधाएँ उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि प्रमाणन की अत्यधिक लागत उनके लिए बाजार में प्रवेश की बड़ी बाधा न बन जाए।

ज्ञापन में 1 जुलाई 2027 की अंतिम तारीख का भी उल्लेख किया गया है और उससे पहले MSME उद्योगों के लिए पर्याप्त टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है।

## छोटे निर्माताओं को बड़े BESS प्रोजेक्ट्स से जोड़ने का सुझाव

फैडरेशन ने MSME भागीदारी को बढ़ाने के लिए मानकीकृत मॉड्यूलर ब्लॉक तैयार करने का सुझाव दिया है। एसोसिएशन ने 0.5 MW / 1 MWh या 1 MW के मानकीकृत मॉड्यूलर ब्लॉक बनाने की सिफारिश की है। इससे छोटे बैटरी पैक एसेंबलर्स और सिस्टम इंटीग्रेटर्स भी बड़े इपीसी टेंडर्स में भाग लेने के योग्य हो सकेंगे।

इससे बड़े BESS टेंडर्स केवल कुछ बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रहेंगे और छोटे एवं मध्यम भारतीय उद्यमों को भी अवसर मिलेगा।

## बैटरी रिसाईक्लिंग और सर्कुलर इकॉनमी पर जोर

ज्ञापन में घरेलू बैटरी निर्माताओं द्वारा पुरानी बैटरियों की वापसी और रिसाईक्लिंग व्यवस्था का भी उल्लेख किया गया है। फैडरेशन ने कहा है कि घरेलू बैटरी निर्माता बैटरी वेस्ट प्रबंधन नियम के अनुपालन में पुरानी बैटरियों को वापस लेने और उनके रिसाइक्लिंग की व्यवस्था संचालित करते हैं। फैडरेशन ने इंपोर्टिड बैटरियों के संबंध में end-of-life disposal infrastructure को लेकर चिंता व्यक्त की है। बैटरियों के उपयोग के बाद उचित निपटान व्यवस्था का अभाव पर्यावरण के लिए चुनौती बन सकता है।

## अंतिम नियमों में MSME हितों को शामिल करने का आग्रह

फैडरेशन ने CEA से आग्रह किया है कि

इन सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाए और अंतिम नियमों में भारतीय MSME क्षेत्र के हितों को शामिल किया जाए।

फैडरेशन ने CEA के कार्यालय के साथ एक बैठक का अनुरोध भी किया है, ताकि इन मुद्दों पर विस्तृत रूप से चर्चा की जा सके।

फैडरेशन की यह पहल ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के साथ बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज़ की आवश्यकता बढ़ रही है। फैडरेशन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि BESS के इस उभरते बाजार में भारतीय MSMEs को भी तकनीकी, खरीद और निर्माण स्तर पर उचित अवसर प्राप्त हों।

फैडरेशन के अध्यक्ष **श्री हर्षपाल सिंह साहनी** जी के नेतृत्व में **श्री अदित्य माहवर** व **श्री नरेश तोमर** जी ने इस ऑफिशियल रिप्रेज़ेंटेशन को तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## भारत का राजपत्र

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16092026-276238
**CG-DL-E-16092026-276238**

**असाधारण**
**EXTRAORDINARY**

**भाग III—खण्ड 4**
**PART III—Section 4**

**प्राधिकार से प्रकाशित**
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

**सं. 541]** **नई दिल्ली, सोमवार, सितम्बर 7, 2026/भाद्र 16, 1948**
**No. 541]** **NEW DELHI, MONDAY, SEPTEMBER 7, 2026/BHADRA 16, 1948**

**केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 3 सितम्बर 2026

**फा. सं. सीईए-टीएच-17/1/2021.—टीईटीडी प्रभाग**—विद्युत अधिनियम, 2003 (2003 का 36) की धारा 177 की उपधारा (2) के खंड (e) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक) द्वितय संशोधन विनियमन, 2026 तथा उसके संशोधनों का (ऐसे निरसन से पूर्व किए गए अथवा किए जाने से रह गए कार्यों के संबंध में छोड़कर), अधिक्रमण करते हुए, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण जिन निम्नलिखित प्रारूप विनियमों के संशोधन का प्रस्ताव करता है, उन्हें उक्त अधिनियम की धारा 177 की उपधारा (3) के अधीन यथापेक्षित, इसके द्वारा प्रभावित होने की संभावना वाले सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है; और एतद्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप विनियमों पर उस तारीख से तीस दिनों की अवधि की समाप्ति के पश्चात विचार किया जाएगा, जिस तारीख से सरकारी राजपत्र में यथाप्रकाशित इस अधिसूचना की प्रतियां जनता के लिए उपलब्ध कराई जाती हैं।

विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में किसी भी व्यक्ति से प्राप्त होने वाले आक्षेपों अथवा सुझावों पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाएगा।

उक्त प्रारूप विनियमों के संबंध में आक्षेप अथवा सुझाव, यदि कोई हों, मुख्य अभियंता, विधि प्रभाग, 6वां तल, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066, अथवा ई-मेल: celegal-cea@gov.in पर भेजे जा सकते हैं।

**प्रारूप विनियम**

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ:- (1) इन विनियमों का संक्षिप्त नाम केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक) द्वितय संशोधन विनियमन, 2026 है।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

6853 GI/2026 (1)

2. केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (विद्युत संयंत्रों और विद्युत लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक), 2022 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त विनियम कहा गया है) में, विनियम 106ख के उप-विनियम (20) में निम्नलिखित परन्तुक अंत:स्थापित किए जाएंगे, अर्थात: -

*"106ख (20) 1 जुलाई 2027 के बाद शुरु होने वाले नवीकरणीय ऊर्जा विद्युत संयंत्र में कम से कम पंद्रह प्रतिशत इनवर्टरों में ग्रिड-फॉर्मिंग नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही, बैटरी ऊर्जा संचय प्रणाली के सभी पीसीएस में ग्रिड-फॉर्मिंग नियंत्रण होना चाहिए, ताकि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (ग्रिड से संयोजकता के लिए तकनीकी मानक) विनियमों में निर्दिष्ट तकनीकी आवश्यकताओं का पालन किया जा सके।*

*बशर्ते **कि** 1 जुलाई 2027 के बाद शुरू होने वाले भूमि-स्थित सौर ऊर्जा संयंत्र और तटवर्ती पवन ऊर्जा संयंत्र में एक ही जगह पर ऊर्जा संचय प्रणाली लगी होनी चाहिए। इस प्रणाली की संचय क्षमता कम से कम दो (2) घंटे की होनी चाहिए और इसकी क्षमता संयंत्र की स्थापित क्षमता के कम से कम दस प्रतिशत (10%) के बराबर होनी चाहिए।*

*(**स्पष्टीकरण**– यदि सौर संयंत्र 100 मेगावाट का है, तो संचय की आवश्यकता 2 घंटे के लिए कम से कम 10 मेगावाट होगी।)*

*इसके अतिरिक्त, भूमि-स्थित सौर ऊर्जा संयंत्र तथा तटवर्ती पवन ऊर्जा संयंत्र, जो 1 जुलाई 2029 के बाद और 30 जून 2031 तक चालू किए जाएंगे, उनमें उसी स्थान पर ऊर्जा संचय प्रणाली लगी होनी चाहिए। इस ऊर्जा संचय प्रणाली की संचय क्षमता कम से कम चार (4) घंटे की होनी चाहिए और इसकी क्षमता संयंत्र की स्थापित क्षमता के कम से कम दस प्रतिशत (10%) के बराबर होनी चाहिए।*

*(**स्पष्टीकरण**– यदि सौर संयंत्र 100 मेगावाट का है, तो संचय की आवश्यकता 4 घंटे के लिए कम से कम 10 मेगावाट होगी।)*

*इसके अतिरिक्त, ग्रिड-फॉर्मिंग क्षमताओं या ईएसएस क्षमता की आवश्यकता के प्रतिशत में किसी भी परिवर्तन को प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाएगा।"*

राकेश कुमार, सचिव

[विज्ञापन-III/4/असा./310/2026-27]

**टिप्पण:** मूल विनियमन भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग III, खंड 4 में अधिसूचना संख्या सीईए-टीएच-17/1/2021-टीईटीडी डिवीजन, तारीख 23 दिसंबर, 2022 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।


लैड रिसाईक्लर्स, बैटरी व बैटरी प्लेट निर्माताओं के लिए उपयोगी पुस्तक

**बैटरी प्लेट टैक्नालॉजी**
विशेषांक




विषय सूची:
लैड एवं लैड एलॉयज़ | लैड ऑक्साईड्स |
डिस्टिल्ड वाटर एवं सल्फ्युरिक एसिड |
पेस्ट्स एवं पेस्ट मिक्सिंग | प्लेट फॉर्मेशन ...

विस्तृत अध्यायवार सूची के लिए विजिट करें
http://www.batterydirectory.co.in/Battery_Plate_Tech.php
पुस्तक की विषय सूची डायरेक्टरी में पृष्ठ 547-551 पर भी छपी है
मूल्य ₹ 1000/- पृष्ठ 340

Uniting Small Scale Battery Industry 41 years of Publication Since 1985

**बैटरी डायरेक्टरी एंड ईयर बुक**
510, जनता फ्लेट्स, जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली-110093
फोन 011-22593952
मोबाइल: 9810268067, सुरेखा : 9971150801
E-mail: battdir@gmail.com
Website: www.batterydirectory.co.in




Contents

रिन्यूएबल एनर्जी के तेज़ी से बढ़ते इंस्टॉलेशन से

# पावर ग्रिड में होने वाली अस्थिरता को रोकने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज़ सिस्टम जरूरी

*सौर ऊर्जा (Solar) और पवन ऊर्जा (Wind) मौसम के हिसाब से बदलती रहती है (जैसे बादल आने पर सोलर पावर अचानक कम हो जाना)। बैटरी एक पावर बैंक की तरह काम करती है। जब धूप तेज होती है और लोड कम होता है, तो अतिरिक्त बिजली बैटरी में स्टोर हो जाती है। जब धूप चली जाती है और लोड बढ़ जाता है, तो बैटरी तुरंत बिजली की कमी को पूरा करती है, जिससे वोल्टेज और फ्रीक्वेंसी एकदम स्थिर बनी रहती है।*

**सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी** (CEA) ने **'सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (इलेक्ट्रिक प्लांट और इलेक्ट्रिक लाइनों के निर्माण के लिए तकनीकी मानक) दूसरा संशोधन, नियम, 2026'** मुख्य रूप से इसलिए पेश किया ताकि रुक-रुक कर मिलने वाली रिन्यूएबल एनर्जी (नवीकरणीय ऊर्जा) के तेज़ी से बढ़ते इंस्टॉलेशन से पावर ग्रिड में होने वाली अस्थिरता को ठीक किया जा सके।

जैसे-जैसे बड़े पैमाने पर क्लीन एनर्जी का उत्पादन राष्ट्रीय ग्रीन एनर्जी लक्ष्यों की ओर बढ़ रहा है, सोलर और विंड एनर्जी की भारी मात्रा भारत के ग्रिड नेटवर्क में अस्थिर और उतार-चढ़ाव वाली बिजली पहुंचा रही है। यह संशोधन इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने और ग्रिड की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए स्ट्रक्चरल और तकनीकी नियम तय करता है।

ये नियम मुख्य रूप से निम्नलिखित ज़रूरतों पर आधारित हैं:

## 1. ग्रिड की स्थिरता बनाए रखना (ग्रिड-फॉर्मिंग कंट्रोल)

पारंपरिक रिन्यूएबल एनर्जी इनवर्टर "ग्रिड-फॉलोइंग" होते हैं, यानी काम करने के लिए वे पहले से मौजूद स्थिर ग्रिड वोल्टेज़ पर निर्भर करते हैं। जब पारंपरिक फॉसिल-फ्यूल (जीवाश्म ईंधन), जनरेटर की जगह बड़ी मात्रा में सोलर और विंड एनर्जी ले लेती है, तो ग्रिड अपनी स्वाभाविक जड़ता खो देता है और वोल्टेज़ व फ्रीक्वेंसी में

**पते की बात**



*ग्रिड-फॉर्मिंग इनवर्टरः यह ग्रिड सिग्नल का इंतजार नहीं करता, बल्कि खुद एक स्थिर वोल्टेज और फ्रीक्वेंसी सोर्स (Voltage Source) के रूप में काम करता है। इसलिए, यदि मुख्य ग्रिड फेल भी हो जाए, तो यह बिना रुके बिजली की सप्लाई चालू रख सकता है।*

अचानक गिरावट (क्रैश) का खतरा बढ़ जाता है।

- **समाधान:** 2026 का संशोधन यह अनिवार्य करता है कि 1 जुलाई 2027 के बाद शुरू होने वाले सभी रिन्यूएबल एनर्जी पावर प्लांट को अपने कम से कम 15% इनवर्टर में ग्रिड-फॉर्मिंग (GFM) क्षमताएं लगानी होंगी। ग्रिड-फॉर्मिंग इनवर्टर पारंपरिक सिंक्रोनस जनरेटर की तरह काम करते हैं और गड़बड़ी के समय सक्रिय रूप से ग्रिड वोल्टेज और फ्रीक्वेंसी बनाते और बनाए रखते हैं।

## 2. बिजली की सप्लाई और रुक-रुक कर होने वाले उत्पादन में संतुलन बनाना

सोलर पावर का उत्पादन केवल तेज़ धूप वाले घंटों में होता है, और विंड एनर्जी का उत्पादन बहुत अनिश्चित होता है। दिन के समय बिजली की भारी बढ़ोतरी और सूरज डूबने पर अचानक कमी से बचने के लिए, क्लीन एनर्जी को स्टोर करना और सुचारू रूप से सप्लाई करना ज़रूरी है।

- **समाधान:** यह संशोधन 1 जुलाई 2027 के बाद शुरू होने वाले सभी नए ज़मीन पर लगने वाले सोलर और ऑनशोर विंड प्रोजेक्ट्स के लिए एक ही जगह पर एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ESS) लगाना अनिवार्य करता है।
- शुरुआती चरण (1 जुलाई 2027 से): डेवलपर्स को अपनी इंस्टॉल्ड क्षमता के 10% के बराबर स्टोरेज़ जोड़ना होगा, जिसकी अवधि कम से कम 2 घंटे हो (जैसे, 100 MW के सोलर प्लांट के लिए 10 MW / 20 MWh की बैटरी की ज़रूरत होगी)।
- अगला चरण (जुलाई 2029 से जून 2031): ज़रूरतें और सख़्त हो जाती हैं, जिससे स्टोरेज का समय दोगुना होकर 4 घंटे हो जाता है, जबकि 10% क्षमता का बेसलाइन बना रहता है।

## 3. बैटरी एनर्जी स्टोरेज इंटीग्रेशन को आसान बनाना

बड़े पैमाने पर एनर्जी स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित रूप से रेगुलेट करने के लिए, संशोधन में यह ज़रूरी किया गया है कि बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) में इस्तेमाल होने वाले 100% पावर कन्वर्ज़न सिस्टम (PCS) में ग्रिड-फॉर्मिंग कंट्रोल होना चाहिए। इससे यह पक्का होता है कि जब स्टोर की गई बैटरी पावर की बड़ी मात्रा ग्रिड में भेजी जाती है, तो यह इलेक्ट्रिकल नेटवर्क में गड़बड़ी पैदा करने के बजाय उसे स्थिर रखती है। ❑

*ग्रिड-फॉर्मिंग इनवर्टर (Grid-Forming Inverters) में बैटरी स्टोरेज़ (Battery Energy Storage System - BESS) रीढ़ की हड्डी की तरह काम करता है। बिना बैटरी के, एक ग्रिड-फॉर्मिंग इनवर्टर अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर सकता। जब ग्रिड में अचानक लोड बदलता है (कम होना या ज्यादा होना), तो ग्रिड-फॉर्मिंग इनवर्टर बैटरी से मिली बिजली को मिलीसेकंड के भीतर ग्रिड में पंप करता है या सोख लेता है। यह त्वरित रिस्पॉन्स ही ग्रिड को टूटने से बचाता है।*




## बैटरी उद्योग के स्क्रैप कारोबार पर GST का नया प्रस्ताव

# RCM और 2% TDS से बढ़ सकती हैं अनुपालन संबंधी जिम्मेदारियां

GST काउंसिल की 57वीं बैठक 8 अक्टूबर को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री **श्रीमती निर्मला सीतारमण** की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्लास्टिक वेस्ट, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक स्क्रैप तथा पुराने टायरों के स्क्रैप की खरीद-बिक्री पर GST संबंधी नई सिफारिशों का असर बैटरी उद्योग की आपूर्ति श्रृंखला पर भी पड़ सकता है। प्रस्ताव के अनुसार, अपंजीकृत सप्लायर से निर्दिष्ट स्क्रैप खरीदने पर Reverse Charge Mechanism (RCM) के तहत खरीदार को टैक्स चुकाना होगा, जबकि पंजीकृत कारोबारियों के बीच ऐसे स्क्रैप की आपूर्ति पर 2% TDS की व्यवस्था की गई है।

बैटरी उद्योग में उत्पादन, मरम्मत और रीसाइक्लिंग के दौरान प्लास्टिक, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट तथा विभिन्न प्रकार के स्क्रैप का कारोबार होता है। ऐसे में GST संबंधी इन सिफारिशों को समझना बैटरी निर्माताओं, बैटरी स्क्रैप कारोबारियों, रीसाइक्लिंग कंपनियों और औद्योगिक इकाइयों के लिए महत्वपूर्ण है।

## अपंजीकृत सप्लायर से स्क्रैप खरीदने पर RCM

सिफारिश के अनुसार, जब निर्दिष्ट श्रेणियों का वेस्ट एवं स्क्रैप किसी अपंजीकृत व्यक्ति द्वारा पंजीकृत कारोबारी को बेचा जाता है, तो लागू शर्तों के अंतर्गत GST जमा करने की जिम्मेदारी खरीदार पर होगी। इसमें प्लास्टिक वेस्ट एवं स्क्रैप, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट एवं स्क्रैप, पुराने टायरों

का स्क्रैप और प्रयुक्त कुकिंग ऑयल शामिल हैं।

यदि सप्लायर का कारोबार पंजीकरण की निर्धारित टर्नओवर सीमा से कम है, तब भी RCM लागू होने पर पंजीकृत खरीदार को टैक्स चुकाना पड़ सकता है। सप्लायर को निर्धारित सीमा पार करने पर लागू नियमों के अनुसार पंजीकरण कराना होगा।

## B2B स्क्रैप कारोबार पर 2% TDS

सिफारिश में निर्दिष्ट स्क्रैप की एक पंजीकृत व्यक्ति से दूसरे पंजीकृत व्यक्ति को आपूर्ति पर 2% TDS की व्यवस्था भी शामिल है। इसका प्रभाव उन बैटरी कंपनियों और रीसाइक्लिंग इकाइयों पर पड़ सकता है, जो संबंधित श्रेणियों के स्क्रैप की नियमित खरीद-बिक्री करती हैं। ऐसी कंपनियों को अपनी बिलिंग, भुगतान और लेखांकन प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए।

## बैटरी उद्योग के लिए क्या है महत्वपूर्ण?

बैटरी कारोबारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि खरीदे या बेचे जाने वाले स्क्रैप की सही श्रेणी और HSN कोड निर्धारित हो। विशेष रूप से बैटरी स्क्रैप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक अपशिष्ट पर नियम लागू मानने से पहले संबंधित वस्तु के वर्गीकरण तथा सरकारी अधिसूचना की जांच आवश्यक है। RCM के कारण खरीदार की नकदी व्यवस्था और टैक्स भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वहीं, लागू होने पर TDS की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त लेखांकन और अनुपालन प्रक्रियाओं की आवश्यकता हो सकती है।

## GST काउंसिल की 57वीं बैठक की सिफारिशें

✔ GST काउंसिल ने GST के तहत गिरफ्तारी के प्रावधानों को हटाने की सिफारिश की,
✔ कानूनी कार्रवाई (प्रॉसिक्यूशन) की सीमा को ₹1 करोड़ से बढ़ाकर ₹5 करोड़ करने की सिफारिश की,
✔ सामान्य जुर्माने को ₹25,000 से घटाकर ₹10,000 करने की सिफारिश की,
✔ इनपुट टैक्स क्रेडिट और रिफंड के लिए पात्रता का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की,
✔ रजिस्ट्रेशन और कंप्लायंस प्रक्रियाओं को और आसान बनाने की सिफारिश की,
✔ व्यवसायों के लिए वर्किंग कैपिटल (कार्यशील पूंजी) को बेहतर बनाने के लिए तेजी से रिफंड देने की सिफारिश की,
✔ GST नोटिस और कार्यवाही के लिए एक जैसे मानक तय करने की सिफारिश की,
✔ राज्यों के बीच सामान की आवाजाही को आसान बनाने के उपायों की सिफारिश की,
✔ इंटेलिजेंस-आधारित और अधिकृत तरीके से सामान की जांच-पड़ताल (इंटरसेप्शन) करने की सिफारिश की,
✔ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर छोटे विक्रेताओं के लिए आसान GST रजिस्ट्रेशन की सिफारिश की,
✔ सेवाओं के निर्यात को आसान बनाने के उपायों की सिफारिश की,
✔ ₹5 करोड़ तक के टर्नओवर वाले छोटे कंज्यूमर-फेसिंग व्यवसायों के लिए वैकल्पिक योजना को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी। ❏




# इंडियन लैड बैटरी कांफ्रेंस-2026 में गोवा में जुटेंगे वैश्विक बैटरी उद्योग के विशेषज्ञ

भारतीय बैटरी उद्योग के लिए **इंडियन लैड बैटरी कांफ्रेंस-2026** एक महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है। **इंडियन बैटरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन** (**IBMA**) के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में भारत सहित विभिन्न देशों के बैटरी उद्योग विशेषज्ञ, तकनीकी सलाहकार, निर्माता और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि भाग लेंगे।

सम्मेलन का आयोजन 18 से 20 नवंबर 2026 तक DoubleTree by Hilton, पणजी, गोवा में किया जाएगा। सम्मेलन की थीम "Powering Today Charging Tomorrow" रखी गई है, जो वर्तमान ऊर्जा जरूरतों और भविष्य की बैटरी तकनीकों पर केंद्रित है।

## बैटरी उद्योग की नई तकनीकों और चुनौतियों पर होगा मंथन

इस सम्मेलन में लैड-एसिड बैटरियों के औद्योगिक उपयोग, एडवांस्ड 12V SLI बैटरियों, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS), डेटा सेंटर बैटरियों और नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी।

बढ़ती ऊर्जा मांग, डेटा सेंटरों का विस्तार और नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती भूमिका के बीच बैटरी उद्योग के लिए बेहतर प्रदर्शन, विश्वसनीयता, सुरक्षा और नई तकनीकों का विकास महत्वपूर्ण होता जा रहा है। ऐसे में यह सम्मेलन उद्योग के विशेषज्ञों को अपने अनुभव साझा करने और तकनीकी प्रगति पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करेगा।

## अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि होंगे शामिल

सम्मेलन के लिए जारी वक्ताओं की सूची में भारत, अमेरिका, जर्मनी, जापान, चीन, ब्रिटेन और अन्य देशों से जुड़े बैटरी एवं ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं।


Contents

प्रमुख वक्ताओं में **डॉ. अहिला कृष्णमूर्ति, डॉ. अमोघ कारवा, अनियन रॉय, डॉ. एकहार्ड कार्डेन, गणेश मूर्ति, डॉ. जुन फुरुकावा, केविन जोन्स, लियांग युंचाओ, डॉ. मसाकी ओनिशी और डॉ. मैट रैफोर्ड** शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, **श्री मनोज पांडे, डॉ. माइकल मैकडोनाग, मृणाल कांति सेन, पार्थ दासगुप्ता, प्रो. प्लामेन निकोलोव, राकेश चतुर्वेदी, संतु साहा, संदीप तुंगुरी, संदीप कृष्णा पी. और के. संतोश कुमार** भी वक्ताओं की सूची में शामिल हैं।

## सम्मेलन के प्रमुख तकनीकी विषय

कार्यक्रम के अनुसार, सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा:

✔ **लैड-एसिड बैटरियों का औद्योगिक उपयोग:** विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों में लैड-एसिड बैटरियों की भूमिका।

✔ **एडवांस्ड 12V SLI बैटरियां:** आधुनिक वाहन प्रणालियों के लिए बैटरी तकनीक और विकास की संभावनाएं।

✔ **बैटरी एनर्जी स्टोरेज:** ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में बैटरियों की बढ़ती उपयोगिता।

✔ **डेटा सेंटर बैटरियां:** डेटा सेंटरों की निरंतर बिजली आपूर्ति और ऊर्जा सुरक्षा की जरूरतें।

✔ **सहायक बैटरियां:** विभिन्न वाहन और औद्योगिक प्रणालियों में सहायक बैटरियों की भूमिका।

✔ **नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण:** BESS तकनीक और ऊर्जा भंडारण के भविष्य पर चर्चा।

✔ **बैटरी निर्माण तकनीक:** सेपरेटर, बैटरी डिजाइन और तकनीकी नवाचार से संबंधित विषय।

कार्यक्रम में लैड-एसिड बैटरियों के साथ-साथ आधुनिक ऊर्जा भंडारण समाधानों के विभिन्न पहलुओं पर भी विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

## भारतीय बैटरी उद्योग के लिए क्यों महत्वपूर्ण है यह सम्मेलन?

भारत में ऑटोमोटिव, औद्योगिक, टेलीकॉम, इन्वर्टर और ऊर्जा भंडारण क्षेत्रों में बैटरियों की मांग लगातार महत्वपूर्ण बनी हुई है। ऐसे में तकनीकी जानकारी का आदान-प्रदान, गुणवत्ता में सुधार, उत्पादन क्षमता का विकास और वैश्विक उद्योग के अनुभवों को समझना भारतीय निर्माताओं के लिए उपयोगी हो सकता है।

यह सम्मेलन बैटरी निर्माताओं, तकनीकी विशेषज्ञों, उपकरण आपूर्तिकर्ताओं और उद्योग प्रतिनिधियों को आपसी संवाद तथा संभावित व्यावसायिक सहयोग के अवसर भी प्रदान कर सकता है।

**इंडियन लैड बैटरी कांफ्रेंस-2026** बैटरी उद्योग के तकनीकी विकास, ऊर्जा भंडारण और भविष्य की चुनौतियों पर विचार-विमर्श का एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है। गोवा में होने वाले इस तीन दिवसीय सम्मेलन से बैटरी क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों को नई तकनीकों, औद्योगिक अनुप्रयोगों और वैश्विक विशेषज्ञों के अनुभवों को समझने का अवसर मिलेगा। ❑

# बैटरी उद्योग के बदलते दौर की चुनौतियों में नई राह की तलाश

*श्री अजय गुप्ता, फैडरेशन ऑफ इंडियन स्मॉल स्केल बैटरी एसोसिएशन्स, दिल्ली के उपाध्यक्ष व इंडियन बैटरी एंड एसेसरीज़ इंडस्ट्रीज़ वेल्फेयर एसोसिएशन, मुम्बई के अध्यक्ष ने देश के लैड बैटरी उद्यमियों के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डाला।*



बैटरी उद्योग में बदलते समय, घटता कारोबार, बढ़ती देनदारियाँ और लगातार कम होते मार्जिन ने छोटे एवं मध्यम कारोबारियों के सामने गंभीर चुनौतियाँ खड़ी कर दी हैं। हाल ही में हुई एक बातचीत में उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए मौजूदा परिस्थितियों की तस्वीर सामने रखी।

श्री अजय गुप्ता ने बताया कि आज पारंपरिक बैटरी लाइन में कारोबार पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। कई कारोबारियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि बिक्री कम होने के बावजूद कर्मचारियों, वाहनों, फैक्ट्री और अन्य परिचालन खर्चों को लगातार वहन करना पड़ता है। इसके साथ ही बाजार में भुगतान की समस्या के कारण कार्यशील पूंजी भी लंबे समय तक फँसी रहती है।

## तकनीक के साथ बदला बाजार

बैटरी उद्योग में समय के साथ तकनीक और उत्पादों में लगातार बदलाव आया है। एक समय हार्ड रबर के बैटरी कंटेनरों और कवर का व्यापक उपयोग होता था। इसके बाद पीपी (Polypropylene) और अन्य प्लास्टिक कंटेनरों का दौर आया।

हर तकनीक और उत्पाद का अपना एक समय होता है। जब बाजार नई तकनीक और नए उत्पादों की ओर बढ़ता है, तो पुराने उत्पादों से जुड़े कारोबारियों के सामने अपने व्यवसाय को बदलने और नई परिस्थितियों के अनुरूप ढालने की चुनौती आती है।

आज बैटरी उद्योग में भी यही बदलाव देखने को मिल रहा है। पारंपरिक कारोबार के साथ-साथ नई तकनीक, विशेष रूप से लिथियम बैटरी और नई ऊर्जा प्रणालियों का बाजार तेजी से चर्चा में है। ऐसे में पुराने कारोबारियों के लिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि आने वाले समय में बाजार की मांग किस दिशा में जा रही है।

बातचीत के दौरान श्री गुप्ता ने बताया कि कुछ इकाइयाँ केवल इसलिए अपना काम जारी रखे हुए हैं क्योंकि उनके पास फिलहाल कोई वैकल्पिक व्यवसाय नहीं है। बैंक ऋण, जीएसटी से संबंधित दायित्व, कर्मचारियों का खर्च और अन्य वित्तीय जिम्मेदारियाँ भी कारोबारियों पर दबाव डाल रही हैं।

## कम होते मार्जिन की चुनौती

बैटरी कारोबार में केवल बिक्री बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। वास्तविक चुनौती यह है कि बिक्री के बाद कारोबार में कितना मार्जिन बचता है।

ब्रांडेड बैटरी के कारोबार में भी सभी खर्चों के बाद मार्जिन लगभग 3–4 प्रतिशत तक सीमित रह गया है। उदाहरण के लिए, यदि कोई कारोबारी ₹1 करोड़ का कारोबार करता है, तो सकल मार्जिन लगभग ₹3–4 लाख हो सकता है। इसके बाद जीएसटी, कर्मचारियों की लागत, परिवहन, कार्यालय एवं अन्य खर्चों को निकालने पर वास्तविक बचत काफी कम रह जाती है।

## बिक्री के साथ भुगतान की समस्या

बैटरी उद्योग के कारोबारियों के लिए एक अन्य बड़ी चुनौती भुगतान का समय पर प्राप्त न होना है। बिक्री होने के बाद यदि ग्राहक से भुगतान समय पर नहीं मिलता, तो कारोबारी की पूंजी बाजार में फँस जाती है। दूसरी ओर, कारोबारी को अपने सप्लायर, कर्मचारियों, बैंक और अन्य खर्चों का भुगतान समय पर करना पड़ता है।

## क्या नई दिशा की आवश्यकता है?

मौजूदा परिस्थितियाँ यह संकेत देती हैं कि बैटरी उद्योग से जुड़े कारोबारियों को बाजार में हो रहे बदलावों को गंभीरता से समझना होगा।

नई तकनीक, नए उत्पाद, ऊर्जा भंडारण, इलेक्ट्रिक वाहन और लिथियम बैटरी जैसे क्षेत्रों में अवसर विकसित हो रहे हैं। हालांकि हर कारोबारी के लिए एक ही मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। इसलिए किसी भी नए क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले बाजार की मांग, तकनीकी जानकारी, निवेश, प्रतिस्पर्धा और संभावित मार्जिन का अध्ययन आवश्यक है।

**इसी के साथ पुराने कारोबार को पूरी तरह छोड़ने के बजाय उपलब्ध संसाधनों के आधार पर नए उत्पादों और सेवाओं को जोड़ना भी एक विकल्प हो सकता है।**

## विश्वास और सकारात्मक सोच की भूमिका

बातचीत का एक भावनात्मक पहलू यह भी था कि कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बीच श्री अजय गुप्ता ने भगवान श्री सत्य साई बाबा में आध्यात्मिक विश्वास और प्रार्थना से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने नामजप कॉपी लिखने और प्रार्थना से जुड़े व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए गए।

व्यवसायिक दृष्टि से देखा जाए तो कठिन समय में सकारात्मक सोच के साथ-साथ व्यावहारिक योजना, खर्चों का नियंत्रण, भुगतान की निगरानी और नए बाजारों की खोज भी महत्वपूर्ण है।

## आगे की राह

बैटरी उद्योग आज एक परिवर्तनशील दौर से गुजर रहा है। पारंपरिक बैटरी बाजार में प्रतिस्पर्धा, कम मार्जिन और भुगतान संबंधी समस्याएँ हैं, वहीं नई तकनीक और ऊर्जा भंडारण के क्षेत्रों में नए अवसर विकसित हो रहे हैं।

ऐसे समय में कारोबारियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि वे बाजार की दिशा को समझें, अपनी लागत पर नियंत्रण रखें, भुगतान चक्र को मजबूत करें और बदलती तकनीक के अनुसार स्वयं को तैयार करें। कठिन परिस्थितियाँ निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन उद्योग का इतिहास यह बताता है कि तकनीक और बाजार में बदलाव के साथ नए अवसर भी पैदा होते हैं। ❑



# CPCB बैटरी रीसाइक्लिंग गाइडलाइंस 2026:

## लैड-एसिड और लिथियम-आयन रीसाइक्लर्स के लिए पालन करने की ज़रूरतें

**- ग्रेविटा इंडिया लि., जयपुर -**

भारत में बैटरी रीसाइक्लिंग जुलाई 2026 में एक ज़्यादा व्यवस्थित चरण में पहुँची, जब सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) ने स्क्रैप लैड-एसिड और लिथियम-आयन बैटरी की रीसाइक्लिंग के लिए विस्तृत गाइडलाइंस जारी की। ये गाइडलाइंस 'बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2022' की व्यापक ज़िम्मेदारियों को रीसाइक्लिंग सुविधाओं के लिए व्यावहारिक ज़रूरतों में बदलती हैं।

इन गाइडलाइंस में सुविधा के इंफ्रास्ट्रक्चर, काम करने के तरीकों, प्रदूषण नियंत्रण, कर्मचारियों की सुरक्षा, निगरानी, रिकॉर्ड रखने और EPR से जुड़ी रिपोर्टिंग के बारे में बताया गया है।

यह गाइड CPCB बैटरी रीसाइक्लिंग गाइडलाइंस 2026 के तहत मुख्य ज़रूरतों और भारत में लैड-एसिड और लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लर्स के लिए उनके मतलब को समझाती है।

### नई गाइडलाइंस की जरूरत

'बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2022' स्क्रैप बैटरी से जुड़े प्रोड्यूसर्स, डीलर्स, कंज्यूमर्स, कलेक्शन सेंटर्स, ट्रांसपोर्टर्स, रिफर्बिशर्स और रीसाइक्लर्स पर लागू होते हैं। इनमें पोर्टेबल, ऑटोमोटिव, इंडस्ट्रियल और इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी शामिल हैं, चाहे उनका साइज़, केमिस्ट्री या इस्तेमाल कुछ भी हो।

हालाँकि ये नियम कानूनी ज़िम्मेदारियाँ तय करते हैं, लेकिन अलग-अलग बैटरी केमिस्ट्री की रीसाइक्लिंग के लिए बहुत अलग इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा उपायों की ज़रूरत होती है। लैड-

एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग में नुकसान पहुँचाने वाला इलेक्ट्रोलाइट, लैड वाली डस्ट, स्मेल्टिंग और रिफाइनिंग शामिल होती है। लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग में बिजली, केमिकल और आग का खतरा होता है, साथ ही 'ब्लैक मास' की नियंत्रित प्रोसेसिंग भी शामिल होती है।

2026 की गाइडलाइंस इन सुविधाओं के लिए काम करने का एक ज़्यादा खास ढाँचा देती हैं। वे रीसाइक्लर्स से यह भी कहती हैं कि वे CPCB के ऑनलाइन EPR पोर्टल के ज़रिए खरीद, रीसाइक्लिंग, रिकवर किए गए मटीरियल की बिक्री और EPR से जुड़े रिकॉर्ड बनाए रखें।

जो बिज़नेस प्रोड्यूसर और रीसाइक्लर की ज़िम्मेदारियों के बारे में ज़्यादा जानकारी चाहते हैं, वे 'बैटरी वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स' और EPR अनुपालन पर ग्रैविटा (Gravita) की गाइड भी देख सकते हैं।

CPCB बैटरी रीसाइक्लिंग गाइडलाइंस 2026 का पालन किसे करना होगा?

ये गाइडलाइंस खास तौर पर इनके लिए ज़रूरी हैं:

- ✦ लैड-एसिड बैटरी रीसायकल करने वाले
- ✦ लिथियम-आयन बैटरी को अलग-अलग करने और टुकड़ों में काटने (shredding) वाली जगहें
- ✦ ब्लैक मास प्रोसेस करने और रिफाइन करने वाले
- ✦ इंटीग्रेटेड लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट
- ✦ कलेक्शन, हैंडलिंग, स्टोरेज या ट्रांसपोर्टेशन का काम करने वाली जगहों के लिए जुलाई 2026 में जारी अलग CPCB गाइडलाइंस हैं।
- ✦ EPR टारगेट पूरे करने के लिए रीसायकलर्स के साथ काम करने वाले प्रोड्यूसर्स

किसी जगह पर लागू होने वाली टेक्निकल ज़रूरतें बैटरी की केमिस्ट्री, अधिकृत रीसाइक्लिंग गतिविधि, इंस्टॉल्ड क्षमता और संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या प्रदूषण नियंत्रण समिति द्वारा तय शर्तों पर निर्भर करती हैं।

## गाइडलाइंस के तहत बैटरी रीसाइक्लिंग वैल्यू चेन

CPCB गाइडलाइंस बैटरी रीसाइक्लिंग से जुड़े अलग-अलग चरणों और कंट्रोल के बारे में बताती हैं, जिनमें हैंडलिंग, डिस्चार्जिंग या एसिड निकालना, स्टोरेज, सॉर्टिंग, जांच, अलग-अलग करना और धातुओं या मेटल साल्ट्स की रिकवरी शामिल है।

गाइडलाइंस में एसिड लीक, आग, केमिकल के संपर्क में आने और अनियंत्रित उत्सर्जन (fugitive emissions) जैसे जोखिमों के लिए कंट्रोल के बारे में बताया गया है। स्टोरेज और प्रोसेसिंग की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो उस जगह पर हैंडल की जाने वाली बैटरी के प्रकार और गतिविधियों के अनुकूल हो।

## लैड-एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट के लिए CPCB की ज़रूरतें

लैड-एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग में, इस्तेमाल की गई बैटरियों को अलग-अलग किया जाता है ताकि प्लास्टिक के हिस्सों, इलेक्ट्रोलाइट और लैड वाले मटीरियल को अलग-अलग हैंडल किया जा सके। रिकवर किए गए लैड वाले मटीरियल को पिघलाया जाता है, रिफाइन किया जाता है और औद्योगिक ज़रूरतों के अनुसार लैड इंगोट्स (lead ingots) में ढाला जाता है या अलॉय में बदला जाता है।

## 1. मशीनीकृत बैटरी तोड़ना

**5,000 MTA से ज़्यादा क्षमता वाली लैड-एसिड बैटरी रीसाइक्लिंग जगहों के लिए ज़रूरी है कि वे गाइडलाइंस के नोटिफिकेशन की तारीख से एक साल के भीतर मैकेनिकल या ऑटोमेटेड वेस्ट बैटरी ब्रेकिंग सिस्टम लगाएं। 5,000 MTA से कम क्षमता वाली जगहों को तीन साल का समय दिया गया है।**

बैटरी को काटने और तोड़ने का काम कंक्रीट के फर्श पर और ढके हुए स्ट्रक्चर के अंदर होना चाहिए। मशीनीकृत फर्नेस चार्जिंग को भी बढ़ावा दिया जाता है क्योंकि इससे मैनुअल हैंडलिंग कम होती है और लैड की धूल और धुएं के संपर्क में आने वाले वर्कर का जोखिम कम होता है।

## 2. ढका हुआ और एसिड-रेसिस्टेंट स्टोरेज़

इस्तेमाल की गई लैड-एसिड बैटरियों के लिए एक अलग ढका हुआ स्टोरेज़ एरिया चाहिए, जिसमें एसिड-रेसिस्टेंट फर्श हो। स्टोरेज़ सिस्टम में एसिड कलेक्शन टैंक होना चाहिए जो न्यूट्रलाइज़ेशन सिस्टम से जुड़ा हो। एसिड के धुएं को कंट्रोल करने की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बचे हुए पदार्थ, स्लैग और खतरनाक स्लज को कंक्रीट के फर्श वाली सुरक्षित और ढकी हुई जगहों पर रखना चाहिए। इन्हें किसी अधिकृत ट्रीटमेंट, स्टोरेज और डिस्पोज़ल सुविधा केंद्र तक पहुँचाने का रिकॉर्ड भी रखना ज़रूरी है।

## 3. वायु प्रदूषण नियंत्रण सिस्टम

रोटरी फर्नेस, रिफाइनिंग केटल और लैड-प्रोसेसिंग के दूसरे उपकरणों को सही वायु प्रदूषण नियंत्रण सिस्टम से जोड़ा जाना चाहिए। प्रोसेस के आधार पर, इनमें ये शामिल हो सकते हैं:

- ✦ चार्जिंग और टैपिंग पॉइंट के ऊपर सक्शन हुड
- ✦ एक्सपेंशन चैंबर और कूलिंग डक्ट
- ✦ साइक्लोन या मल्टी-साइक्लोन
- ✦ पल्स-जेट या मैकेनिकल-शेकर बैग फिल्टर
- ✦ अल्कलाइन स्क्रबर
- ✦ इंड्यूस्ड-ड्राफ्ट फैन
- ✦ सही मॉनिटरिंग एक्सेस वाले स्टैक

गाइडलाइंस में लिस्टेड लैड-रीसाइक्लिंग सिस्टम के लिए स्टैक की कम से कम ऊंचाई 30 मीटर बताई गई है। स्टैक के डिज़ाइन में सुरक्षित एक्सेस और मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म की सुविधा भी होनी चाहिए।

## 4. एफ्लुएंट और एसिड मैनेजमेंट

CPCB गाइडलाइंस में कहा गया है कि यूनिट में बैटरी-ब्रेकिंग सिस्टम से निकलने वाले वेस्टवॉटर को ट्रीट करने के लिए एक एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (ETP) होना चाहिए, जिसमें एसिड न्यूट्रलाइज़ेशन की सुविधा हो। फर्श की धुलाई से निकलने वाले एसिडिक वेस्टवॉटर को न्यूट्रलाइज़ेशन सिस्टम तक पहुंचाया जाना चाहिए।

ETP स्लज को खतरनाक कचरे के तौर पर इकट्ठा, स्टोर और डिस्पोज़ किया जाना चाहिए। दूषित प्लास्टिक बैटरी केसिंग को साफ करके रजिस्टर्ड प्लास्टिक प्रोसेसर को भेजा जाना चाहिए या अधिकृत इन-हाउस सिस्टम से ट्रीट किया जाना चाहिए।

## 5. लैड एक्सपोज़र की मॉनिटरिंग

गाइडलाइंस में काम करने की जगह, स्टैक

से निकलने वाले धुएं, एफ्लुएंट और फैसिलिटी की सीमा के पास की हवा में लैड की मात्रा की सीमा तय की गई है। लैड से जुड़े कामों में लगे वर्करों का समय-समय पर (साल में कम से कम एक बार) खून और यूरिन में लैड की जांच होनी चाहिए।

प्लांट को सही ग्लव्स, मास्क, बूट, एप्रिन और दूसरे पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट भी देने चाहिए। धुएं को बाहर निकालने का असरदार सिस्टम और साफ-सफाई बनाए रखना ज़रूरी है, क्योंकि सही मंज़ूरी होने के बावजूद लैड के अनियंत्रित उत्सर्जन (fugitive emissions) को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

## लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग प्लांट के लिए CPCB की ज़रूरतें

लिथियम-आयन बैटरी रीसाइक्लिंग के लिए नियमों का पालन करने का तरीका अलग होता है। बैटरी में इलेक्ट्रिक चार्ज हो सकता है और उनमें ज्वलनशील इलेक्ट्रोलाइट्स हो सकते हैं। मैकेनिकल डैमेज से शॉर्ट सर्किट, केमिकल एक्सपोज़र या थर्मल रनअवे की स्थिति बन सकती है। **CPCB नॉन-लैड-एसिड बैटरी रीसायकलर्स को उनकी गतिविधियों के आधार पर निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकृत करता है:**

**R2:** बैटरी को अलग-अलग करना और 'ब्लैक मास' बनने तक उसे भौतिक रूप से अलग करना

**R3:** 'ब्लैक मास' की प्रोसेसिंग करना जब तक कि कंपाउंड के रूप में धातुएँ न मिल जाएँ

